पत्रांक–14 / ए०एफ–30 / 2025.........

बिहार सरकार

उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

राजीव कुमार चौधरी,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।

पटना, दिनांक....... / .... / 2026

विषयः– बाबू चतुर्भुज सिंह जंग बहादुर श्याम बिहारी महाविद्यालय, पतनेर, लखीसराय को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में अस्थायी संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–MU/IC/14/2025 दिनांक–12.07.2025 द्वारा बाबू चतुर्भुज सिंह जंग बहादुर श्याम बिहारी महाविद्यालय, पतनेर, लखीसराय को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में अस्थायी संबंधन का प्रस्ताव विभाग में प्राप्त है। प्राप्त प्रस्ताव के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रश्नगत महाविद्यालय को पट्टा / लीज (संस्थान के पक्ष में निष्पादित) डीड में अंकित अवधि राज्यपाल सचिवालय से निर्गत पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के अनुकूल नहीं है।

अतः राज्यपाल सचिवालय से निर्गत पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 में निहित प्रावधानों के अनुकूल One Time Renewal Clause के साथ 33 वर्षों की अनिवार्य लीज अवधी को पूर्ण नहीं रहने के कारण बाबू चतुर्भुज सिंह जंग बहादुर श्याम बिहारी महाविद्यालय, पतनेर, लखीसराय के अस्थायी संबंधन के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा अस्वीकृति संसूचित की जाती है।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह० / –

(राजीव कुमार चौधरी)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :–14 / ए०एफ–30 / 2025......455 दिनांक 15 / 04 / 2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री उच्च शिक्षा विभाग के आप्त सचिव / सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के निजी सहायक / निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक / अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग / उप निदेशक, उच्च शिक्षा एवं प्रभारी प्राचार्य, बाबू चतुर्भुज सिंह जंग बहादुर श्याम बिहारी महाविद्यालय, पतनेर, लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

2.आई०टी० मैनेजर, उच्च शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.04.26

सरकार के अवर सचिव